Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 11-05-2005

Participants : Pathak Shri Brajesh

>

Title: Regarding need to provide better road connectivity and basic amenities at Kalyani Devi Temple and Periyar in Unnao, Uttar Pradesh with a view to promote tourism in the area.

श्री ब्रजेश पाठक (उन्नाव) : महोदय, उत्तर प्रदेश राज्य के उन्नाव संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जनपद मुख्यलय उन्नाव में कल्याणी देवी मंदिर और इसके निकटवर्ती क्षेत्र परियरी में बहुत ही प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। यहां पर देश के ही नहीं बल्कि विश्व के अन्य देशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है। इन दोनों धार्मिक स्थलों का महत्व पुराणों में भी वर्णित है। ऐसी मान्यता है कि परियरी में लव और कुश ने प्रवास किया था। इस प्रकार से इन दोनों धार्मिक स्थलों का अपना एक महत्वपूर्ण स्थान है। लेकिन दोनों धार्मिक स्थलों पर जरूरी मूलभूत सुविधाओं के भारी अभाव के कारण यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

अतः मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि कल्याण देवी मंदिर और परियरी धार्मिक स्थलों के महत्व को देखते हुए इस क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित करने, अंतर्राज्यीय बस अड्डा स्थापित करने, दोनों धार्मिक स्थलों को राजधानी दिल्ली से एक्सप्रेस रेलगाड़ी से जोड़ने, सड़क के माध्यम से राट्रीय राजमार्ग द्वारा जोड़ने के साथ साथ वहां पर जरूरी मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराये जाने हेतु समुचित कदम उठायें।